https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 64 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, रविवार, 13 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

## सार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ इलाके में इंद्रावती नदी के पास शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम ने आज सुबह नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया। मुठभेड़ सुबह में शुरू हुई और तब से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, घटनास्थल से तीन माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

### हेराल्ड हाउस केस में संपत्तियां जब्त करने के लिए नोटिस




**नई दिल्ली।** हेराल्ड हाउस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईडी ने शुक्रवार को एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की संपत्तियों को जब्त करने के लिए नोटिस जारी किए। एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन संपत्तियों का कुल मूल्य 661 करोड़ रुपए है। नोटिस की प्रति इन संपत्तियों पर भी चस्पा की गई है।

### शराबबंदी कानून मजाक, गरीब बन रहे निशाना : तेजस्वी



**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को शराबबंदी कानून को लेकर बिहार सरकार को घेरते हुए कहा कि यह कानून अब मजाक बन गया है। इस कानून की आड़ में केवल गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है। राजद कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून के बाद अवैध शराब का 40 हजार करोड़ से अधिक का कारोबार किया जा रहा है।

### एयरपोर्ट पर 6.30 करोड़ का सोना जब्त किया, दो गिरफ्तार



**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक यात्री से 6.30 करोड़ का विदेशी सोना जब्त किया। विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने थाई एयरवेज की फ्लाइट टीजी 317 से बैंकॉक से आए एक यात्री को रोका। तलाशी के दौरान यात्री के पास से 14 सोने की छड़ें बरामद हुईं। सोने को यात्री ने जूते में बड़ी चतुराई से छिपाकर रखा था। इसकी कीमत 6.30 करोड़ बताई जा रही है।


---

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए तय की समय सीमा

# राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर बिल पर लेना होगा फैसला

- राज्यपाल के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश
- पहले राज्यपाल के अधिकारों को लेकर भी सुनाया था अहम फैसला

**सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में की टिप्पणी**





इस समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा।

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समयसीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए।

**दूसरे राउंड में राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध**

पीठ ने राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं।

### कपिल सिब्बल ने फैसले को सराहा



पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना करते हुए अब केन्द्र सरकार जानबूझ कर राज्यों के बिलों पर फैसला लेने में देरी नही करवा सकेगी। उन्होंने कहा कि अटार्नी जनरल ने समय-सीमा निर्धारित करने के निर्णय का विरोध किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के विपरीत रुख को खारिज कर दिया।

---

पिछले एक महीने से दहल रहा जम्मू संभाग

# जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना का जेसीओ शहीद

**किश्तवाड़ में जैश कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर, उधमपुर व कठुआ में तलाश जारी**



**जम्मू,** पाकिस्तान ने अपनी रणनीति बदलते हुए एक बार फिर जम्मू संभाग को निशाना बनाना आरंभ किया है। हालत यह है कि एक माह से जम्मू संभाग के लगभग प्रत्येक जिले में आतंकियों की आवाजाही की सूचनाएं सामने आ रही हैं तो साथ ही कई स्थानों पर उनके साथ मुठभेड़ों की खबरें भी। यही नहीं जम्मू संभाग से सटी पाक कब्जे वाले कश्मीर को बांटने वाली एलओसी को भी वह गर्माए हुए है।

जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है।

स्थिति यह है कि जम्मू संभाग के लगभग हर जिले में आतंकियों को देखे जाने और उनसे मुठभेड़ों की घटनाएं एक बार फिर जम्मू संभाग के लोगों को दहशतजदा कर रही हैं। जानकारी के लिए पिछले तीन सालों से पाकिस्तान ने अपना सारा ध्यान अब कश्मीर से हटा कर जम्मू संभाग पर लगाना शुरू किया तो जम्मू संभाग में सैनिकों और नागरिकों की मौतों का ग्राफ बहुत बढ़ चुका है।

### यूएवी से जख्मी सेना का जवान शहीद

पाक सेना ने जम्मू के पुंछ और अखनूर सेक्टरों में संघर्ष विराम का उल्लंघन करके माहौल को गर्माने के साथ ही एलओसी से सटे गांवों में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। इस बीच जम्मू में अपने ही यूएवी के क्रैश हो जाने से जख्मी हुए सेना के जवान ने दम तोड़ दिया है। पाकिस्तान ने एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और शुक्रवार देर रात एलओसी पुंछ सेक्टर में कई जगहों पर गोलीबारी की। जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

---

एनआईए ने दूसरे दिन भी की पूछताछ

# मास्टरमाइंड साजिद मीर के संपर्क में था तहव्वुर



- पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से भी संपर्क में था राणा

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा ने पूछताछ में बताया कि वह ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है।

**शुक्रवार को 3 घंटे पूछताछ की थी**

इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी प्लानिंग पता थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था। ये भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था। इससे पहले एनआईए ने पूछताछ के पहले दिन शुक्रवार को 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह सहयोग नहीं कर रहा है। एनआईएकी कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है।

**10 अप्रैल को अमेरिका से लाया गया था**

64 साल के राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। देर रात पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआइए जज चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और रात 2 बजे फैसला सुनाते हुए एनआईए को उसकी कस्टडी दी ीाी।

---

कोलकाता हाईकोर्ट ने दिया आदेश


# बंगाल के मुर्शिदाबाद में तैनात हों केंद्रीय बल

## वक्फ कानून पर भड़की हिंसा में तीन लोगों की हुई मौत



**कोलकाता,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नए वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसक होने पर तीन लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और सार्वजनिक संपत्तियों को आग लगा दी और रेल-सड़क ब्लॉक कर दिए। इसके बाद बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर कर हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से इस मांग को मान लिया गया है। वक्फ कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों के बाद कलकत्ता हाई कोर्ट की स्पेशल बेंच ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया। कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि जब ऐसे आरोप सामने आते हैं तो अदालत आंखें नहीं बंद कर सकती। हाई कोर्ट की ओर से कहा गया कि अगर जरूरत पड़ी तो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय बलों को कहीं और भी तैनात किया जा सकता है।

### अब तक 118 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद



वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं : ममता



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं।

---

# देशभर में यूपीआई सर्विस कई घंटे डाउन रही



- यूजर्स को पेमेंट करने में हुई दिक्कत
- 20 दिन में तीसरी बार आई परेशानी

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस करीब तीन घंटे डाउन रही। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे से 1:00 बजे तक सबसे ज्यादा पेमेंट फेल्योर रिपोर्ट की गई। दोपहर करीब 3:00 बजे तक पेमेंट करने में दिक्कतें आईं। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है जब ट्रांजैक्शन में समस्या हुई। वेबसाइट और ऑनलाइन सर्विसेज की रियल टाइम स्टेटस बताने वाला प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के अनुसार समस्या फेस कर रहे करीब 81 फीसदी लोगों को पेमेंट करने में समस्या आई।

17 फीसदी लोगों को फंड ट्रांसफर करने और लगभग 2फीसदी को खरीदारी करने में दिक्कतें हुईं।

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने बताया, 'अभी रुक-रुक कर टेक्निकल इश्यू का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते यूपीआई ट्रांजैक्शन में दिक्कत आ रही है। हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं।

इससे पहले 26 मार्च को भी यूपीआई सर्विस करीब ढाई घंटे डाउन रही थी। तब लोगों को गूगल पे, फोन पे और पेटीएम जैसे एप से अमाउंट ट्रांसफर करने में दिक्कतें हुईं। इस दौरान 10 से ज्यादा बैंकों के यूपीआई और नेट बैंकिंग सर्विसेस पर भी असर पड़ा। यूजर्स एप और नेट बैंकिंग में लॉगिन एक्सेस भी नहीं कर पा रहे थे। 2 अप्रैल को भी देश के कई बैंकों की यूपीआई और मोबाइल बैंकिंग सर्विसेज में समस्या आई थी। इस दौरान करीब 5000 यूजर्स ने केवल एसबीआई की सर्विस डाउन होने की रिपोर्ट दर्ज की थी। मार्च महीने में यूपीआई-आधारित लेनदेन का रिकॉर्ड 24.77 लाख करोड़ रुपए रहा, जो फरवरी में 21.96 लाख करोड़ रुपए से 12.79 प्रतिशत अधिक है।

---

उत्तराखंड के देवप्रयाग में नदी में गिरी कार

# एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत



- तेज गति के कारण चालक ने नियंत्रण खोया

**देवप्रयाग,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के टिहरी जिले में स्थित देवप्रयाग में शनिवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कार सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिरने के बाद नदी में समा गई, जिसके कारण यह घातक दुर्घटना हुई। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के समय कार में छह लोग सवार थे। एक महिला को मलबे से बचाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को भी मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बचाव अभियान शुरू किया। टीमों ने क्षतिग्रस्त कार को नदी से बाहर निकालने के लिए क्रेन और अन्य भारी मशीनरी का इस्तेमाल किया, लेकिन दुर्गम इलाके के कारण इस प्रक्रिया में कई घंटे लग गए।

---

# सुखबीर सिंह बादल फिर बने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष



पार्टी की एक अहम बैठक में लिया गया निर्णय

**चंडीगढ़,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने एक बार फिर सुखबीर सिंह बादल को सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष चुना है। पार्टी की एक अहम बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने किसी अन्य उम्मीदवार का परिचय नहीं कराया, जिसके बाद सभी नेताओं ने सुखबीर सिंह बादल के नाम पर सहमति जताई। शिरोमणि अकाली दल की इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पार्टी के पिछले कार्यकाल और उनकी रणनीतियों पर चर्चा हुई।

---


**मौसम** *राजस्थान में लू चलने की दी गई चेतावनी*

# आंधी तूफान का सिलसिला कुछ राज्यों में रहेगा जारी

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली एनसीआर में आई धूल भरी आंधी और छिटपुट बारिश के बाद तापमान में कमी देखने को मिली है। पिछले कुछ दिनों से जारी गर्मी के सितम से लोगों को राहत मिली है। हालांकि, इस बारिश ने किसानों को नुकसान पहुंचाया है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने एक नया अपडेट दिया है।**

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक आंधी-तूफान और हल्की बारिश का सिलसिला देखने को मिलेगा। वहीं, उत्तर पश्चिम भारत और गुजरात में आगामी 15 अप्रैल से गर्मी की लहर दस्तक देगी। आईएमडी ने हालिया जानकारी में बताया कि झारखंड में 15 अप्रैल को छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है।

पिछले 24 घंटों में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर तूफानी हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश हुई। वहीं, ये सिलसिला आज और कल जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में लू को लेकर चेतावनी जारी की है। 14 और 15 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर लू चलने की संभावना है। 16-18 अप्रैल के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश में लू चलने की संभावना है।



- 15 अप्रैल से गर्मी की लहर फिर दस्तक देगी

### इन क्षेत्रों में तूफान का अलर्ट

मौसम विभाग ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में आंधी तूफान का सिलसिला कुछ राज्यों में जारी रह सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश के होने की संभावना है। अगले 7 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर और उससे सटे पूर्वी भारत में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश संभावना है। उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, में आने वाले कुछ समय तक धूल भरी आंधी चलने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

## सूंदर सिंह भंडारी के सिद्धान्तों पर हमें चलने की आवश्यकता है : पालीवाल



**राजसमन्द।** भारतीय जनता पार्टी जिला राजसमन्द कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल के सानिध्य में सुंदर सिंह भंडारी की जन्मजयंती मनाई गई ।

जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल के सानिध्य में सभी पदाधिकारियों ने सुंदर सिंह भंडारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके कहा कि हम सभी को सुंदर सिंह भंडारी के सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है और उनके बताए मार्ग को अपनाने की आवश्यकता है उनका योगदान देश व भाजपा संगठन में उनके किये गए महान कार्यो को भुलाया नही जा सकता है । इस अवसर पर भानु पालीवाल सुरेश पालीवाल महेंद्र सिंह चौहान मुरारी आशिया प्रकाश रांका अशोक रांका खुशकमल कुमावत प्रह्लाद सिंह राठौड़ हिम्मत रांका फुलेश भार्गव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पालीवाल के आस्वासन पर कुंवारिया में हो रहे धरने को समाप्त हुआ

**राजसमन्द।** पंचायत समिति की मांग को लेकर कुंवारिया में हो रहे धरना प्रदर्शन को भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने प्रदेश में बात करके कुंवारिया में व्यापारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बात की व कहा कि मैने प्रदेश में बात की है और अच्छा रिस्पॉन्स मिला है आप सभी भी अपने अपने प्रतिष्ठान को वापिस खोले । इसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल के आस्वासन पर धरना को समाप्त किया गया।

## भाजपा कुकरखेड़ा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**राजसमन्द।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार कुकरखेड़ा मंडल के अध्यक्ष नारायण सिंह की अनुशंसा पर भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कुकरखेड़ा मंडल की कार्यकारिणी घोषित की जो निम्न है मंडल उपाध्यक्ष प्रताप सिंह विर् म सिंह गोविंद सिंह पंकजा कंवर श्रवण सिंह प्रकाश सिंह मंडल महामंत्री हमीर सिंह किशोर सिंह मंडल मंत्री वसंता कंवर महावीर सालवी नरेंद्र सिंह तुलसी देवी कमला देवी दिनेश कुमार कोषाध्यक्ष ममता सालवी के साथ ही मंडल कार्यकारिणी में 45 सदस्य होंगे ।

## रामधाम में पूर्णिमा पर हुआ यज्ञ, हनुमान जयंती के उपलक्ष में सुंदरकांड





**भीलवाडा।** श्री राम धाम रामायण मंडल ट्रस्ट की ओर से हमीरगढ़ रोड स्थित रामधाम में पूर्णिमा पर विशेष हवन का आयोजन सुख शांति की कामना को लेकर किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मानसिंहका ने बताया कि मुख्य यजमान गुप्ता परिवार ने हवन में सुख शांति की कामना को लेकर आहुतियां दी गई। हनुमान जयंती के उपलक्ष में सुंदरकांड पाठ में भक्तों ने भाग लिया। सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

### प्रसिद्ध भजन गायक हेमलता वैष्णव व अदिती सुखवाल ने दी एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां

## श्री भीत के बालाजी मंदिर, मंगला चौक में देर रात चली विशाल भजन संध्या, झूम श्रद्धालु

**भीलवाडा।** जन-जन की आस्था के केंद्र माता अंजनी के लाडले वीर हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल एवं समस्त भक्तजनों द्वारा आयोजित एक शाम भीत के बालाजी के नाम भजन संध्या में श्री बालाजी के भजनों पर भक्ति की रसधार बह उठी। भजन गायको द्वारा भगवान श्री राम व बालाजी, सवारियां सेठ, खाटूश्याम, माता रानी के भजन प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु झूमने लगे। इस अवसर पर बालाजी का विशेष श्रृंगार कर प्रसादी का भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सजावट भी की गई। श्री बालाजी के जन्मोत्सव पर श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल एवं समस्त भक्तजनों द्वारा दो दिवसिय आयोजनो के तहत शु₹ वार देर रात तक विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक हेमलता वैष्णव व अदिती सुखवाल ने के एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। घुमा दे म्हारा बालाजी घम्मड़ घम्मड़ घोटो, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, दुनिया में देव हजारो है, बजरंग बली का क्या कहना, काला पण घणा रुपाला सा, मंडपिया वाला श्याम, वीर हनुमाना अति बलवाना, बराम नाम रसियो रे, प्रभु मन बसियो रे, हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा, राम दुलारा माता अंजनी का प्यारा, दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना, कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे दिल के नगीने में सहित कई भजनो पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते गाते रहे। ढोलक समेत अन्य वाद्य यंत्रों पर कलाकारों ने उनका साथ छेते हुए माहौल भक्तिमय हो गया। भजन संध्या की शुरूआत हनुमान चालीसा और गणेश वंदना से की गई। श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल के कार्यकताओं ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर 13 वर्षों से क्षेत्र के निवासीयो व भक्तो के साथ मिलकर नवयुवक मंडल द्वारा भजन संध्या, भोजन प्रसादी सहित विभिन्न कार्य₹ मों का आयोजन किया जाता है।

# नेगेटिव से पॉजीटिव उर्जा प्रदान करती है थीटा हीलिंग पद्धति

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** रोटरी क्लब दृष्टि की ओर से आज मींरा नगर स्थित एनआईसीसी में आयोजित सेमिनार में बोलते हुए डॉण्स्वीटी छाबडा ने बताया कि थीटा हीलिंग एक ऐसी पद्धति है जो नेगेटिव से पॉजीटिव उर्जा प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि हीलिंग एक अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा उपचार पद्धति हैए जिसकी स्थापना वियाना स्टिबल ने की थी, जो किसी व्यक्ति को उच्चतम स्त्रोत ऊर्जाध्चेतना से जुडने और उस स्थान से उपचार प्रदान करने की अनुमति देती है। हम इसे 7वें तल की ऊर्जा कहते हैं। जिससे अभ्यासकर्ता को थीटा ब्रेनवेव रखने की अनुमति मिलती है। यह बिना शर्त प्यार और शुद्ध चेतना का स्थान है। यहाँ से अभ्यासकर्ता दूसरे व्यक्ति की ऊर्जा को स्कैन कर सकता है और उपचार या रीडिंग प्रदान कर सकता है।




डॉ. छाबडा ने बताया कि थीटा हीलिंग का मुख्य आधार विश्वास कार्य है। हमारा अवचेतन मन कई स्तरों पर विश्वास रखता है। चाहे वह हमारा वर्तमान जीवन हो या हमारा पिछला जीवन। कई बार हमारें नकारात्मक आनुवंशिक विश्वास अनजानें में हमारे जीवन और हमारे व्यवहार को प्रभावित करते हैं। थीटा हीलिंग में हम इन नकारात्मक अवचेतन विश्वासोंए भावनाओं और कार्य मों से निपटते हैं और उन्हें बदलते हैं। थीटा हीलिंग के कुछ सत्रों के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे नकारात्मक विश्वासों और भावनाओं को बदल सकते हैं।

यह आत्म.चिकित्सा और निश्चित रूप से दूसरों के उपचार के लिए एक प्रभावी उपकरण है। खुद को जानना जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, न कि केवल हमारी जरूरतें और इच्छाएँ, बल्कि हम कौन हैं। यह थीटा हीलिंग से संभव है। यह विभिन्न बीमारियों और मानसिक मनोवैज्ञानिक मुद्दों को ठीक करने में भी बहुत प्रभावी है। हमारा अवचेतन मन विशाल है और हमारे भूत, वर्तमान, भविष्य की जानकारी रखता है। हमारे अवचेतन मन में पिछले जन्मों की यादें, हमारी आत्मा की यात्राए हमारी वर्तमान जीवन की घटनाएँ और हमारी सभी आनुवंशिक जानकारी भी होती है। इस प्रकार थीटा हीलिंग की मदद से इस जानकारी तक पहुँचना और किसी व्यक्ति को ठीक करने के लिए क्या आवश्यक है, इसका समाधान करना संभव है।

## पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ का विशाल सामूहिक यज्ञयोपवित संस्कार 14 को चारभुजा में

**आमेट।** पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ द्वारा विशाल सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन 14 अप्रैल को चारभुजा जी में आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय पालीवाल समाज मीडिया प्रभारी किशन पालीवाल (आमेट) ने बताया कि पालीवाल ब्राह्मण महासभा राजसमंद शाखा द्वारा भगवान श्री चारभुजा नाथ की नगरी गढ़बोर में एक विशाल सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्य₹ म 14 अप्रैल को आयोजित को होने जा रहा है जिसमें पालीवाल ब्राह्मण महासभा से जुड़े हुए समस्त पालीवाल समाज, मेनारिया नागदा,समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्री चारभुजा नाथ की पवित्र व पवन नगरी गढ़बोर में रविवार 13 अप्रैल सायं गोधूलि वेला में गणपति स्थापना के साथ 7.30 बजे शुरू होगी। तत्पश्चात रात्रि 8.30 बजें एक विशाल भजन संध्या चारभुजा मंदिर चौक पर होगी। सोमवार को प्रातः 8 बजे बटुकों का रजिस्ट्रेशन होगा। प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक विधि विधान के साथ पंडितों द्वारा बटुकों का उपनयन संस्कार होगा ! तत्पश्चात एक विशाल शोभा यात्रा के रूप में चारभुजा नाथ मंदिर परिसर पर पहुंचेगी । जहां पर मामा द्वारा पेरावणी की रस्म अदा की जाएगी । तथा प्रत्येक बच्चों को यज्ञोपवित्री धारण करने से पहले मुंडन संस्कार करवाना होगा। जिससे विधि विधान के द्वारा पंचगव्य स्नान,चंदन लैप कर यज्ञयोपवित का कार्य₹ म विधि विधान से शुरू किया जाएगा। मुंडन नहीं करने वाले बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार में सहभागी नहीं बन पाएंगे। आयोजन को लेकर प्रतिनिधियों द्वारा गांव-गांव में जाकर सामूहिक यज्ञ संस्कार के बारे में निमंत्रण पत्रिका दी जा रही है।

## छोटीसादड़ी में दिवार गिरी तो कहीं टीनशेड उड़े

**छोटीसादड़ी।** रात तीन बजे बाद मौसम में अचानक आये बदलाव से तेज हवाओं का दौर शुरू हुआ जो दो घण्टे तक हवाओ की रफ्तार तेज होती रही।जिसके चलते शहर के यादव मोहल्ले में ईंट की दीवार मुख्य सड़क पर गिर गई,वही भँवर माता मार्ग स्थित मुरादाअली बाबा की दरगाह के पास स्थित एक नीम का पेड़ गिर गया जिससे विद्युत लाइन के तार टूट गए जिसके चलते शहर की बिजली गुल होगई।वही अमृत गंज कालोनी में टिन शेड उड़कर रोड़ पर गिर गया जिसके चलते आवजवी बाधित हुई।

# हनुमान जन्मोत्सव पर वैष्णव बैरागी समाज एवं गुर्जर पंचोली समाज ने भोलीराम जी पंडा का भगवा धर्म पताकाओं के साथ निकला वरघोड़ा





**चारभुजा।** कस्बे में शनिवार को अलग-अलग दो रथों में भोली राम जी पंडा एवं हनुमान प्रतिमा को श्रृंगारित कर वर्गोडा निकाला गया।हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में इमली वाले बालाजी हनुमान मंदिर से सर्व हिंदू समाज द्वारा भगवा धर्म पताकाओं के साथ कस्बे में बैंड बाजों की ध्वनि एवं रथ में हनुमान प्रतिमा की श्रृंगारित छवि को रखकर विशाल भव्य शोभा यात्रा निकल गई। जहां पर सर्व हिंदू समाज के लोग के साथ वैष्णव बैरागी , दुर्गा वाहिनीया शामिल हुई। वैष्णव बैरागी समाज के लोगों ने बताया प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है जहां पूरे कस्बे में शोभा यात्रा निकाली जाती है जो इस बार भी विशाल शोभायात्रा इमली वाले बालाजी मंदिर प्रांगण से प्रातः 10.30 बजे निकाली शोभा यात्रा में सभी के हाथों में भगवान ध्वज के साथ नारे लगाए हुए शोभा यात्रा इमली वाले बालाजी हनुमान मंदिर से डाकोतीयों का दरवाजा पहुंचे जहां पर शोभा यात्रा में जगह-जगह पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई एवं समाज सेवी बाबूभाई राठौड़ द्वारा सभी वरघोड़े में आए भगतो को बूंदी का प्रसाद बांटा गया। जहां पर वर्गोडा होली चौक , ब्रह्मपुरी,मीराबाई चौक पहुंची जहां पर गुर्जर पंचोली पुजारी परिवार द्वारा भोलिराम जी पंडा का भी हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा के साथ दूसरे रथ में भोलीराम जी पंडा की छवि रखकर वर्गोडा निकाला। जहां दोनों वर्गोडा की शोभा यात्रा,बस स्टैंड होते हुए मंदिर चौक पहुंची। वहीगुर्जर पंचोली परिवार द्वारा भोलीराम जी पंडा का वघोडे का समापन मंदिर चौक प्रांगण में किया गया।जहां सभी भक्तों को पंचोली परिवार द्वारा बूंदी का प्रसाद बांटा गया। वही वैष्णव बैरागी समाज द्वारा हनुमान जन्मोत्स पर नंगार चौक बालाजी के मंदिर पहुंचने पर ध्वजा चढा कर चूरमे का भोग मनोरथ करवाया । उससे पूर्व इमली वाले हनुमान बालाजी मंदिर एवं नंगार चौक स्थित हनुमान प्रतिमा को श्रृंगारित करवाया गया। जहां शोभा यात्रा पुनः इमली वाले बालाजी हनुमान मंदिर दिन में 1 बजे पहुंची। जहां पर सर्व हिंदू समाज के हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड के साथ ही हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। उसके बाद में हनुमान लला की आरती उतारी गई। जहां पर पुजारी द्वारा रोट तथा चूरमे का हनुमान प्रतिमा को भोग धरा भक्तों को प्रसाद वितरण किया । इन दोनों वरघोड़े में सैकड़ो की संख्या में सर्व हिंदू समाज सहित वैष्णव बैरागी पुजारी पांडा परिवार के महिला पुरुष शामिल थे। जहां वैष्णव बैरागी समाज द्वारा महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। जहां पुलिस का जाप्ता साथ चल रहा था।

शोभा यात्रा समापन के साथ ही सर्व हिंदू समाज के लोगों द्वारा चलो कुंभलगढ़ रैली के लिए दोपहर 1 बजे मंदिर पार्किंग से वाहनों द्वारा रैली के माध्यम से कुंभलगढ़ के लिए प्रस्थान किया। जहां कुंभलगढ़ दुर्ग पर होने वाले कार्य₹ म में भाग लिया।

## नौगांवा सांवरिया सेठ का तिरुपति बालाजी रूप भव्य श्रृंगार, बही भजनों की बयार

**भीलवाडा।** श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट नौगांवा की ओर से मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को विभिन्न कार्य₹ म आयोजित कर मनाया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद सोडानी ने बताया कि सर्वप्रथम हनुमानजी का तिरुपति बालाजी के रूप में भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह 7 बजे हनुमान जी का भक्तों की ओर से पंडित रमाकांत व पंडित पुरुषोतम सहित विद्वान् पंडितों के मंत्रोचार के बीच दुग्धाभिषेक किया गया। सुबह 7.30 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की ओर से हवन अनुष्ठान हुआ। 9 बजे घूमन्तु छात्रावास के बच्चों की ओर से 108 बार अनवरत हनुमान चालीसा पाठ किया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती की गईं। पुजारी दीपक-आनंद पाराशर ने 12.15 बजे सभी को प्रसाद वितरण किया। महामंत्री कैलाश डाड व सहमंत्री श्रवण सेन ने बताया कि गुंजन भजन मंडली रायला के गायक कलाकार सत्यनारायण की टीम की ओर से छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, घुमा दे म्हारा बालाजी घम्मड़ घम्मड़ घोटो सहित एक से बढ़कर एक भजन पेश कर माहौल को धर्ममय कर दिया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन को पहुंचे।

### वस्त्रनगरी मे हनुमान जन्मोत्सव पर जय सिया राम की गूंज

## बालाजी को चढ़ाए स्वर्ण-रजत चोला, 4100 किलो नुगती और 2500 किलो गुलाब जामुन का लगा भोग

**भीलवाडा।** वस्त्रनगरी सहित जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व शनिवार को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के अनेक हनुमान मंदिरों में कार्य₹ मों का आयोजन किया जा रहा है। शहर में करीब 101 हनुमान मंदिरों में आज स्वर्ण-रजत सहित अलग-अलग तरह के चोले चढ़ाए जाएंगे महाआरती का आयोजन होगा और मंदिरों में महाप्रसाद का भोग लगेगा। पिछले दो दिनों से मंदिरों में सुंदरकांड पाठ,रामचरित्र मानस सहित के पाठ किए जा रहे हैं शहर में कई स्थानों पर शोभायात्रा, भजन संध्या और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया आज सुबह से मंदिरों में विशेष पूजा योजना की जा रही है। आयोजन के इसी ₹ म में पेच के बालाजी में दोपहर 12.15 बजे महाआरती के बाद हनुमान जी महाराज को पसंदीदा मोदक का भोग लगाकर उसका प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। बालाजी मंदिर के पुजारी आशुतोष महाराज ने बताया कि बालाजी मार्केट मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव इस बार हर वर्ष से भी अधिक उत्साह मनाया जा रहा है। हनुमान जी की आराध्य देव भगवान श्री राघवेंद्र सरकार का प्रिय ग्रंथ श्री रामचरितमानस का अखंड पारायण विभिन्न पंडितों द्वारा मंदिर के सभी भक्तों द्वारा संगीतमय तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। 12.15 बजे स्वर्ण चोला चढ़ा कर 56 भोग और महाआरती के बाद 75 पीपे देशी घी, 25 बोरी शक्कर एवं 11 बोरी बेसन से निर्मित नुगती का प्रसाद हनुमान जी को अर्पण कर भक्तों में वितरित किया गया जो रात्रि 11.00 बजे तक अनवरत चलेगा। संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमानजी महाराज को पहली बार 2500 किलो केशरयुक्त गुलाब जामुन का महाभोग लगाया गया। हनुमानजी महाराज की प्रतिमा को स्वर्ण चोला चढ़ाया गया। मंदिर का मनमोहक फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर 12.15 बजे महाआरती के बाद हनुमानजी महाराज को 2500 किलो केसरयुक्त गुलाब जामुन का महाभोग लगा गया। हनुमानजी के जन्मोत्सव पर 11 किलो का केक भी काटा गया। महाआरती एवं महाभोग के बाद गुलाब जामुन का प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त शहर के पुर, सांगानेर, हरनी व आसपास के 101 मंदिरों में हनुमान जी को स्वर्ण, रजत चोला ड्राई फ्रूट, फूल, सिंदूर सहित अलग-अलग चोले चढ़ाए गए। तेजाजी चौक में रपट के बालाजी मंदिर में महेंद्र बलराम दास महाराज के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शाम को शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अखाड़ा प्रदर्शन भी किया गया। पंचमुखी दरबार में आज सुबह से विभिन्न कार्य₹ मों का आयोजन किया गया। बालाजी महाराज की प्रतिमा का आकर्षक श्रंगार हुआ साथ ही आरती के बाद प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया गया। निंबार्क आश्रम गांधी नगर में छप्पन भोग लगाया गया। दोपहर 12.00 बजे आरती के बाद मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

### क्षेत्रीय समस्याओं के समधान के दिए सुझाव

# विधायक दीप्ति ने पेयजल समीक्षा बैठक में लिया भाग

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जिला उदयपुर, राजसमंद एवं सलूंबर की पेयजल व्यवस्था समीक्षा सभा में सहभागिता की। इस बैठक का आयोजन आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान आमजन को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। बैठक के दौरान विधायक दीप्ति ने क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से संवाद करते हुए आगामी गर्मी के मौसम में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए



आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय समन्वय और सक्रियता के माध्यम से हर ग्राम, कस्बा एवं नगर क्षेत्र में सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में आपसी समन्वय और योजनाबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया, जिससे क्षेत्र की जनता को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलध कराया जा सकें। खनन उद्योग से जुड़े पदाधिकारियों से की बैठक विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विधायक संवाद कार्यालय पर राजसमंद मिनरल संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर खनन उद्योग से जुड़ी समस्याओं, चुनौतियों एवं जमीनी कठिनाइयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में खनन क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने उद्योग के संचालन में आ रही विभिन्न अड़चनों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, पर्यावरणीय पहलुओं एवं नीतिगत विषयों से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। उन्होंने बताया कि कई स्तरों पर आ रही रुकावटों के कारण खनन गतिविधियों के सुचारू संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं, जिससे न केवल औद्योगिक विकास प्रभावित हो रहा हैं बल्कि श्रमिकों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं। विधायक ने उपस्थित पदाधिकारियों को राज्य सरकार एवं प्रशासनिक स्तर पर यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि खनन उद्योग जिले की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है, इससे जुड़ी समस्याओं के व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान के लिए वे स्वयं सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि उद्योग व शासन के बीच समन्वय एवं संवाद बनाए रखने से ही दीर्घकालिक समाधान संभव हो सकेंगा।





# मंदिरों में बजरंगबली के दर्शन के लिए भक्तों की कतारें

## हनुमानजी को 1111 मीटर की पाग धारण कराई, बेदला में शोभायात्रा निकली

उदयपुर। उदयपुर में शहर से लेकर गांवों तक शनिवार को हनुमान जयंती पर हनुमान मंदिरों में भक्ति और उल्लास का माहौल छाया रहा। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। रात को भी बड़ी संख्या में भक्तों की रेलमपेल मंदिरों में रही। शहर में बदनोर की हवेली स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में तो पवन पुत्र हनुमान को 1111 मीटर की पाग धारण कराई गई। इसके अलावा सूरजपोल हनुमान मंदिर में भी सुबह से भक्त दर्शन करने पहुंचे थे। हनुमान जयंती पर आज उदयपुर के बदनोर की हवेली स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक, रुद्राभिषेक सहित विधि विधान के साथ प्रभु को बेहद सुंदर और अलौकिक श्रृंगार करवाया गया। इसके साथ ही सुबह कलश यात्रा और पाग यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा में स्वर्ण रथ पर जहां हनुमान रूपी बालक रथ के सारथी बने तो वही रथ में 1111 मीटर की पाग का दर्शन करने हनुमान भक्त उमड पडे। भक्तों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। पाग ओर कलश यात्रा शहर के अंदरूनी इलाकों से होकर श्री मंशापूर्ण हनुमान पहुंची, यात्रा में अखाड़ा प्रदर्शन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। जयकारों के साथ में 1111 मीटर की पाग श्री मंशापूर्ण हनुमान को धारण करवाई गई। यहां रात को लक्ष्यराज सिंह मेवाड और हरितराज ने आरती की।

**दक्षिण मुखी मंशापूर्ण मंदिर में 1008 दीपकों से आरती**


श्री रामभक्त उपासक मंडल और दक्षिण मुखी मंशापूर्ण हनुमान मंदिरए महाकाल रानी रोड हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे श्री राम चरित मानस की प्रत्येक चौपाई एवं 1008 हनुमान चालीसा के हवनात्मक पाठ हुए तथा 1008 दीपकों से हनुमान जी की सामूहिक आरती की गई। हनुमानजी को छप्पन भोग धरा कर महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रातः पंचगव्योंए अष्ट गंधए तेल एवं सुगन्धित द्रव्यों से दक्षिणमुखी मंशापूर्ण हनुमानजी का अभिषेक किया गया तथा पुष्पों से श्रृंगार किया गया। दोपहर में तेलाभिषेक के पश्चात हवनात्मक पाठ की पूर्णाहुति हुई। सांयकाल आरती के पश्चात कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर 1008 दीपकों से श्रद्धालुओं द्वारा हनुमानजी की आरती की गई। आरती एवं भजनों की तान पर भक्त झूम उठे और नृत्य करने लगे। भजन संध्या के बाद धूमधाम से केक काटकर हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया। रामभक्त उपासक मंडल द्वारा हनुमंत जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मूक बधिर बच्चो, साधु संतो एवं जरूरतमंदों को भोजन का करवाया गया। इस अवसर पर रामभक्त उपासक मंडल की और से भक्तो एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया।


**बेदला में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत**

शहर के बेदला गांव में हनुमान जयंती पर श्रद्धा और आस्था का हुजूम उमड़ पड़ा। पहले तो कुंड पर स्थित बाग वाले हनुमान मंदिर और पुलिया पर विराट ध्वजा फ्हराई गई। इसके पश्चात गांव में शोभायात्रा निकाली गई। बालाजी की शोभायात्रा में हर वर्ग के



महिला पुरुष के साथ युवाओं की भागीदारी खास रही । इस दौरान युवाओं ने सिर पर केसरिया साफा धारण कर हाथ में भगवा ध्वज लिए पूरे गांव को भगवामय कर दिया। महिलाएं भी पारंपरिक परिधान लाल चुनर पहने थी। शोभायात्रा का जगह.जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया । वही गांव भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में साथ चल रहे भक्तों ने हनुमान और श्री राम के भजनों पर जमकर नृत्य किया । कुंड पर स्थित बाग वाले हनुमान जी मन्दिर के पुजारी कमलेश वैष्णव ने बताया कि भगवान बजरंग बली को आकर्षक आंगी धराई गई और मन्दिर को फूलों से सजाया गया। इसके अलावा मन्दिर में भक्तों की और से सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके पश्चात पूरे गांव मे हनुमान जी की झांकी के साथ रथयात्रा का आयोजन किया गया । हाथी घोडो से युक्त इस रथयात्रा में गाव के महिलाएं एव पुरुष पारम्परिक परिधानों में सज धज कर भाग लिया। रथयात्रा के पुनः मन्दिर में पहुंचने पर महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया । इस दौरान शहीद भगत सिंह ग्रुप बेदला की और से मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें में मेवाड़ के प्रसिद्ध भजन गायक शंभू धनगर ने अपने भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया।











# तहव्वुर के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने वाले दाऊद को नहीं ला पाने का भी क्या जिम्मा लेंगे : कांग्रेस

## तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने पर केंद्र सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने की होड़ में शामिल लोगों को यह भी बताना चाहिए कि दाऊद इब्राहिम तथा अन्य आतंकवादियों का प्रत्यर्पण नहीं हो पाने का जिम्मेदार कौन है। पार्टी ने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार को तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय दिया जा रहा है और श्रेय लेने की होड़ मची है, लेकिन सच यह है कि यह लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है और इसकी शुरुआत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शुरू ही नहीं की बल्कि इसमें तेजी भी ला दी थी, लेकिन अब मोदी को इसका श्रेय देने वालों को यह भी बताना चाहिए कि दाऊद इब्राहिम, डेविड हेडली, विजय माल्या आदि का प्रत्यर्पण नहीं हो पाने की जिम्मेदारी किसे दी जानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि आज एक होड़ मची है कि किसी भी तरीके से तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय नरेन्द्र मोदी और सिर्फ नरेन्द्र मोदी को मिले। जबकि सच यह है कि यह प्रत्यर्पण हमारी एजेंसियों के 15 वर्षों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण की



जबकि सच यह है कि यह प्रत्यर्पण हमारी एजेंसियों के 15 वर्षों की मेहनत का परिणाम है : **पवन खेड़ा**

प्रक्रिया की कहानी बताते हुए कहा कि आइए क्रोनोलॉजी समझते हैं। अक्टूबर 2009 में डेविड हेडली और तहव्वुर राणा डेनमार्क में आतंकवादी हमले की साजिश में पकड़े गए थे। खुलासा हुआ कि वे मुंबई के आतंकवादी हमले की साजिश में भी शामिल रहे हैं। फिर संप्रग सरकार ने उस पर कई धाराएं लगाकर उसे आतंकवादी गतिविधियों का आरोपी बनाया। अमेरिका ने उसे आतंकवादी हमले की साजिश से बरी कर दिया तो कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका की इस कार्रवाई पर निराशा व्यक्ति की लेकिन कूटनीतिक तथा कानूनी प्रयास जारी रखे। इसके बावजूद अमेरिकी सरकार उसको लेकर खुफिया जानकारी देती रही। उन्होंने कहा कि इसी बीच विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद तथा विदेश सचिव अमेरिकी प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखते रहे और साल 2014 में संप्रग सरकार गई, लेकिन उन्हीं नीतियों के सहारे सरकार इस मामले को आगे बढ़ाती रही। जो दस्तावेज संप्रग सरकार के समय इस मामले में इकट्ठे किए गए थे, उन्हें आगे बढ़ाया गया और उसी का परिणाम है कि आज इस आतंकवादी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हुई है, जिसकी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जा रहा है।

### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया कांग्रेस ने शुरू की थी : दिग्विजय सिंह



26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले की नींव कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में रखी थी और मौजूदा केंद्र सरकार इसका श्रेय नहीं ले सकती। दिग्विजय सिंह ने कहा कि तहव्वुर राणा 26/11 हमलों में शामिल था और उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तभी संभव हो सकी जब यूपीए सरकार ने समय रहते उसकी भूमिका को जांच में शामिल किया और उसे अमेरिका में गिरफ्तार करवाया गया। 14 साल की सजा पूरी करने के बाद अब उसे भारत लाया गया है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी या उनकी सरकार का कोई योगदान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गंभीर कार्रवाइयों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए और जो भी सरकारें देशहित में कदम उठाएं, उन्हें ईमानदारी से श्रेय मिलना चाहिए।

## उत्तर कश्मीर में बस पलटने से दो छात्रों की मौत




**श्रीनगर,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर कश्मीर के हंदवाड़ा उप-जिले में शनिवार को एक कॉलेज बस के पलट जाने से दो छात्रों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुपवाड़ा के डिग्री कॉलेज सोगाम के 27 छात्रों को लेकर लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम जा रही एक बस आज सुबह हंदवाड़ा के वोधपोरा के निकट पलट गयी, जिससे कम से कम 22 छात्र घायल हो गए। एक अधिकारी ने कहा, सभी घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। दुर्भाग्य से, उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को श्रीनगर अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। मृतकों में से एक लड़की की पहचान तबस्सुम मुश्ताक के रूप में हुई है। हंदवाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और कई राजनीतिक नेताओं ने दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया है।

## एआईएफएसएस का कल उद्घाटन करेंगे अमित शाह

**आधारित शिखर सम्मेलन 15 अप्रैल को होगा समाप्त**

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन (एआईएफएसएस) का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 'नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और आतंकवाद का मुकाबला करने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका' विषय पर आधारित शिखर सम्मेलन 15 अप्रैल को समाप्त होगा। तेरह अप्रैल को विज्ञान भवन में एक साथ दो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें फिल्म फोरेंसिक संगोष्ठी और फोरेंसिक हैकाथॉन शामिल है। एनएफएसयू के कुलपति जे.एम. व्यास ने दुनिया की पहली फिल्म फोरेंसिक संगोष्ठी के माध्यम से सिनेमा की शक्ति का उपयोग करके आपराधिक जांच और न्याय को अनुकूलित करने के लिए सिल्वर स्क्रीन को फोरेंसिक विज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है।



हैकाथॉन फोरेंसिक विज्ञान, साइबर सुरक्षा और संबंधित डोमेन के विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा, जबकि फिल्म फोरेंसिक संगोष्ठी आकर्षक, वैज्ञानिक रूप से सटीक कहानियों के माध्यम से फोरेंसिक अनुसंधान और अपराध जांच का प्रदर्शन करेगी। शिखर सम्मेलन में न्यायाधीशों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और उद्योग विशेषज्ञों सहित 1,600 से अधिक विशेषज्ञों की मेजबानी की जाएगी। श्री व्यास ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य आपराधिक न्याय वितरण पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति लाना है, चुनौतियों से निपटने और फोरेंसिक विज्ञान तथा न्यायिक प्रणालियों की सफलताओं का पता लगाने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोणों को एक साथ लाना है। गतिशील पैनल चर्चाओं और तकनीकी सत्रों के माध्यम से यह कार्यक्रम सजा दरों को बढ़ाने और कानूनी ढांचे को मजबूत करने में वैज्ञानिक साक्ष्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जिससे अधिक कुशल और न्यायसंगत न्याय प्रणाली का मार्ग प्रशस्त होगा।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में महसूस किए गए भूकंप के हल्के झटके

**श्रीनगर।** कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को भूकं प के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, शनिवार अपराह्न करीब एक बजे पड़ोसी देश पाकिस्तान में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 आंकी गई व जो जमीनी सतह से 10 किलोमीटर गहराई में स्थित था। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 33.70 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.46 पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसके झटके कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए।

### मप्र में जीप पलटने से चार लोगों की मौत

**झाबुआ।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के पेटलावद क्षेत्र में एक जीप के अनियंत्रित होकर पलटने से चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धार जिले के झाय सुनार गांव के निवासी एक मरीज के परिजन उसको लेकर शुक्रवार देर रात जीप द्वारा सारंगी जा रहे थे। इसी दौरान जीप पेटलावद इलाके के रायपुरिया थाना क्षेत्र में बोलासा घाट पर पलट गई। जीप में लगभग 12 लोग सवार थे। इस हादसे में दुरू हटीला, नानसिंह भाभोर, परमु हटीला और रेमाबाई हटीला की मौत हो गई।

### चंद्रबाबू ने इंटरमीडिएट के छात्रों को दी बधाई

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इंटरमीडिएट छात्रों को बधाई दी। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। नायडू ने एक्स पर बात करते हुए कहा कि शनिवार को आंध्र प्रदेश में इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को मेरी हार्दिक बधाई। मुझे इस बार इंटरमीडिएट पब्लिक एग्जामिनेशन के लिए सरकारी जूनियर कॉलेजों के पास प्रतिशत में एक दशक में सबसे अधिक ऐतिहासिक वृद्धि देखकर खुशी हुई- दूसरे वर्ष के लिए 69 प्रतिशत और पहले वर्ष के लिए 47 प्रतिशत।

### राजकोट में दो क्रिकेट सटोरिये गिरफ्तार

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट शहर के दो अलग-अलग क्षेत्र में दो क्रिकेट सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर भक्तिनगर क्षेत्र में पुजारा प्लॉट मेन रोड़ पर, शुभ अेवन्यू अपार्टमेंट के पास से लक्ष्मीवाडी क्वार्टर ब्लॉक नं. 7, क्वर्टर नं 51 निवासी जयेश प्र.राठोड को तथा ए डिवीजन क्षेत्र में टागोर रोड़, गोल्डन प्लाजा कांपलेक्स के बाहर सीड़ी पर से मोरबी निवासी राजदीपसिंह ब.झाला को मोबाइल फोन में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे दोनों युवकों को बीती देर रात पकड़ लिया गया।

## झारखंड में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ हुआ प्रदर्शन

**हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर निकाला जुलूस**



**रांची,**12 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के गढ़वा जिला मुख्यालय में आज केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ अल्पसंख्यक अधिकार मंच के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण जुलूस निकाला और केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी जताई। इस दौरान पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर भी प्रदर्शनकारियों के साथ मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने मझिआंव मोड़ से टाउन हॉल मैदान तक पदयात्रा की, जहां एक जनसभा आयोजित हुई। सभा में वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर अल्पसंख्यकों के धार्मिक और ऐतिहासिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर मुस्लिम समाज का संवैधानिक अधिकार है। इस बिल के जरिए सरकार संविधान के सिद्धांतों को खत्म कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिल वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन राष्ट्रव्यापी रूप ले सकता है।

# पीडीए से लोकसभा में बड़ी ताकत मिली : अखिलेश यादव

**लखनऊ/इटावा,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए से लोकसभा में बड़ी ताकत मिली इसलिए 90 फीसदी आबादी को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने गृह जिले इटावा के महेवा ब्लाक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण करने के बाद कहा कि अगर कोई हमारे रामजीलाल सुमन जी, या हमारे कार्यकर्ता का अपमान करेगा तो हम समाजवादी लोग भी उनके साथ खड़े दिखाई देंगे, उनके सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे और यह सेना वेना सब नकली है, यह सब बीजेपी वाले हैं। उन्होंने कहा कि रामजीलाल सुमन के ऊपर किसी तरह का अपमान का व्यवहार नहीं कर पाएंगे और अगर अभी भी

- सपा प्रमुख ने डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का किया अनावरण

सरकार ने खुली छूट दे रखी है तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अपनी नाकामी छुपाने के लिए वक्फ बोर्ड का बिल लाकर सरकार ने जान बूझकर इस तरह का माहौल पूरे देश में बनाया है। जबसे बीजेपी की सरकार आई है आतंकवादियों के अटैक बढ़े हैं, बड़े पैमाने पर फौज के जवान शहीद हुए हैं।

**छीना जा रहा है हमारा आरक्षण**

अखिलेश ने कहा कि हमारा आरक्षण छीना जा रहा है, हम लोगों को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया जा रहा है। फूलन देवी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि फूलन देवी जी का भी एक अलग इतिहास है। शायद धरती



पीडीए को मजबूत कर 90 फीसदी को देंगे ताकत : **अखिलेश यादव**

पर, दुनिया के इतिहास में इतनी प्रताड़ना इतना अपमान किसी महिला का हुआ होगा। जो व्यवहार, अपमान हुआ था उसको सम्मान में बदलने के लिए नेताजी और समाजवादी पार्टी ने उन्हें लोकसभा में पहुंचाने का काम किया था। अखिलेश ने कहा कि अंग्रेजों के जाने के बाद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने दुनिया का सबसे अच्छा संविधान दिया, उन्होंने हमें और आपको अधिकार दिलाने का काम किया। आज हमारे अधिकारों की कोई परवाह नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाकर पूरे पीडीए परिवार को एक प्रकाश स्तंभ की तरह चलने का मौका दिया। आज के दिन हम सब पीडीए परिवार के लोग संकल्प लेते हैं कि कोई कितना भी साहसी हो जाए, ताकतवर हो जाए लेकिन बाबा साहब का संविधान हम लोग बदलने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आज पीडीए और बाबा साहब के संविधान, लोहिया जी के चिंतन और नेताजी के संघर्ष की वजह से हम लोग उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी हैं।

### संविधान को कमजोर करना चाहती है भाजपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ संविधान हम लोगों को सम्मान से जीने का रास्ता दिखाता है। बीजेपी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को कमजोर करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि यह संविधान हमारे लिए बुनियाद है। हमारे लिए कर्म ग्रंथ है। बाबा साहब ने भी जीवनभर भेदभाव देखा। जहां जानवर भी पानी पी सकते थे वहां पर भी पानी लेने नहीं जा सकते थे। अखिलेश ने कहा कि हजारों साल पुरानी बुराई जो हमारे समाज में है, आज भी खत्म नहीं हुई। इस तरह की घृणा दुनिया में कहीं नहीं देखा जाती, सिर्फ हमारे देश में देखी जाती है। उन्होंने कहा कि मैं सोच सकता हूं कि अगर हम लोगों के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है तो और जो हमारे बहुजन समाज के लोग हैं, उनके साथ में न जाने कैसा कैसा व्यवहार होता होगा।

## तमिलनाडु सरकार के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा : द्रमुक

**एक निजी कंपनी द्वारा लिए गए बैंक ऋण की जांच का किया जिक्र**

**चेन्नई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने शनिवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर विपक्षी दलों, राज्य सरकारों और गैर-भाजपा शासित राज्यों के राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। राज्यसभा सांसद एवं द्रमुक के कानूनी इकाई के सचिव एन.आर. एलंगो ने पत्रकारों से कहा कि बैंक ऋण और ब्याज भुगतान से संबंधित मौजूदा स्थिति के बीच ईडी ने कानूनी आधार की कमी वाला मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीतिक रूप से प्रेरित साजिश के तहत विपक्षी दलों, राज्य सरकारों और राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाने के लिए ईडी सहित केंद्रीय



एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। एक निजी कंपनी द्वारा लिए गए बैंक ऋण की जांच का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसे गलत तरीके से चित्रित किया गया है, जैसे कि इसमें तमिलनाडु सरकार और उसके अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने भ्रामक और अपुष्ट जानकारी प्रसारित की है। एलंगो ने कहा कि चेन्नई में हाल ही में ईडी की कार्रवाई एक निजी कंपनी के बैंक ऋण से संबंधित है। उन्होंने कहा कि कंपनी नियमित रूप से ऋण और ब्याज का भुगतान कर रही है और कोई कानूनी उल्लंघन नहीं हुआ है।

### मामले में मंत्रियों को शामिल करने का कोई सबूत नहीं

एलंगो ने बताया कि मद्रास उच्च न्यायालय ने पहले ही फैसला सुनाया था कि इस मामले में मंत्रियों को शामिल करने का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले न्यायालय के आदेश में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है। बिना उचित सबूत या कानूनी समर्थन के ईडी के आरोप निराधार हैं और उनका उद्देश्य गलत सूचना फैलाना है। सरकारी प्रशासन के भीतर अवैध वित्तीय लेन-देन के दावों का कोई विश्वसनीय आधार नहीं है। ईडी ने ऐसी धारणाओं के आधार पर गलत तरीके से गिरफ्तारियां शुरू की हैं।

## अंबेडकर के नाम से बना मप्र का 25वां अभयारण्य

**भोपाल,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य शासन ने सागर जिले के 258.64 वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को मध्य प्रदेश का 25वां अभयारण्य घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह अभयारण्य डॉ.भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जाएगा। शुक्रवार को इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य सागर जिले के उत्तर सागर वन मण्डल तहसील बंडा एवं शाहगढ़ वन क्षेत्र के 25 हजार 864 हेक्टेयर (258.64 वर्ग किलोमीटर) आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह अभयारण्य डॉ.भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जाएगा।

**अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का होगा संरक्षण एवं संवर्धन**

## अंबेडकर जयंती पर हरियाणा का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को हरियाणा का दौरा करेंगे और हिसार से अयोध्या के लिए वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे तथा हिसार हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे। जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह इस अवसर पर भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री हवाई यात्रा को सुरक्षित, किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के 410 करोड़ से अधिक की लागत वाले नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे। इसमें अत्याधुनिक यात्री टर्मिनल, कार्गो टर्मिनल और एटीसी भवन शामिल होंगे। वह हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को भी हरी झंडी दिखाएंगे। हिसार से अयोध्या (सप्ताह में दो बार) के लिए निर्धारित उड़ानों, जम्मू, अहमदाबाद, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में तीन उड़ानों के साथ, यह विकास हरियाणा की विमानन कनेक्टिविटी में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएगा।



- हिसार से अयोध्या के लिए वाणिज्यिक उड़ान को दिखाएंगे हरी झंडी

**कवायद** *जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकी गतिविधियों का मुकाबला करने को कसी कमर*

# आतंकवादग्रस्त इलाकों में हो रहा नवीन तकनीकों का इस्तेमाल

जम्मू, सुरक्षाधिकारियों ने बताया है कि घुसपैठ को रोकने के लिए ड्रोन, चेहरे की पहचान करने वाली प्रणाली और वाहन स्कैनर जैसी जिन तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है उसे अब आतंकवादग्रस्त जिलों में अपनाया जाने लगा है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क। रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना सुरक्षा बलों को देने का भी आग्रह किया। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू वन क्षेत्र में चल रही मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए और हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया गया। 5 सेक्टर असम राइफल्स मुख्यालय में एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए 5 सेक्टर असम राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर जेबीएस राठी



- संदिग्ध गतिविधि की सूचना सुरक्षा बलों को देने का किया आग्रह

और किश्तवाड़-डोडा-रामबन रेंज के उप महानिरीक्षक श्रीधर पाटिल ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद 9 अप्रैल को अभियान शुरू हुआ था। ब्रिगेडियर राठी ने कहा कि भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू कश्मीर पुलिस का संयुक्त अभियान कठिन भूभाग और मौसम की स्थिति के बावजूद जारी रहा। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने 11 अप्रैल को एक आतंकवादी और 12 अप्रैल को दो और आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि बरामद हथियारों में एक एके राइफल और एक एम 4 राइफल के अलावा अन्य सामान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान की पुष्टि की जा रही है। डीआईजी श्रीधर पाटिल ने कहा कि क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है और तलाशी अभियान जारी है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पूरी तरह से सफाई और इसमें शामिल कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि चल रहा अभियान क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। डीआईजी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने किश्तवाड़, डोडा और उधमपुर जिलों में निगरानी और क्षेत्र वर्चस्व बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि आतंकियों के आवागमन का पता लगाने और घुसपैठ को रोकने के लिए ड्रोन, चेहरे की पहचान करने वाली प्रणाली और वाहन स्कैनर जैसी तकनीकों का इस्तेमाल अब आतंकवादग्रस्त इलाकों में भी किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना सुरक्षा बलों को देने का भी आग्रह किया। बता दें कि गत दिनों सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले किश्तवाड़ में जारी अभियान में एक आतंकवादी को मार गिराया था। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर नौ अप्रैल को किश्तवाड़ के चटरू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी और आतंकवादियों के सफाये का अभियान शुरू किया गया। उसी दिन देर शाम आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

पल पल
राजस्थान
हर पल की खबर

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379